संख्या- 231 /2021/ 2398 /चार-2021

प्रेषक,

विनय श्रीवास्तव,
अनु सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

निदेशक,
संस्कृति निदेशालय, उ0प्र0,
जवाहर भवन, लखनऊ ।

संस्कृति अनुभाग: **लखनऊः दिनांक 23 दिसम्बर, 2021**

विषय- भारत रत्न श्री अटल बिहारी बाजपेयी एवं भारतरत्न महामना मालवीय जी के जयंती के अवसर पर काव्य गोष्ठी हेतु प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति के संबंध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक अपने पत्र संख्या-3491/सं0नि0-15(69)/2021-22 दिनांक 22 दिसम्बर, 2021 का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

2- इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि भारत रत्न श्री अटल बिहारी बाजपेयी एवं भारतरत्न महामना मालवीय जी के जयंती के अवसर पर काव्य गोष्ठी हेतु रू0 6,32,500/ की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति के संबंध में उपलब्ध कराये गये प्रस्ताव पर शासन द्वारा सम्यक विचारोपरान्त रू0 6,32,500/(रूपये छः लाख बत्तीस हजार पॉच सौ मात्र) की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति निम्न शर्तो के अधीन प्रदान की जाती है:-

(1) समस्त कार्यो का सत्यापन कराकर भुगतान की कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।
(2) उक्त स्वीकृति धनराशि का आहरण/ उपयोग नियमानुसार किया जायेगा।
(3) प्रस्तावित कार्यक्रम हेतु सचिव, उ0प्र0 संगीत नाटक अकादमी लखनऊ को नोडल अधिकारी नामित किया जाता है। स्वीकृत धनराशि संस्कृति निदेशालय द्वारा आहरित कर उ0प्र0 संगीत अकादमी लखनऊ को तत्काल उपलब्ध करायी जायेगी। सचिव, उ0प्र0 संगीत नाटक अकादमी द्वारा भुगतान की कार्यवाही तत्काल पूर्ण की जायेगी।

3- उक्त धनराशि रू0 6,32,500/(रूपये छः लाख बत्तीस हजार पॉच सौ मात्र) की चालू वित्तीय वर्ष 2021-22 के आय-व्ययक के अनुदान संख्या-92 के अन्तर्गत लेखाशीर्षक-2205-कला एवं संस्कृति-800-अन्य व्यय-17-मा0 अटल बिहारी बाजपेयी की स्मृति में सांस्कृतिक समारोह का आयोजन-42-अन्य व्यय मद में उपलब्ध धनराशि से वहन किया जायेगा।

भवदीय,

(विनय श्रीवास्तव)
अनु सचिव।

संख्या 231 /2021/2398 /(1)/चार-2021, तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1- प्रधान महालेखाकार, (लेखा व हकदारी) प्रथम, उ0प्र0 इलाहाबाद।
2- वित्त नियंत्रक, संस्कृति निदेशालय, उ0प्र0 जवाहर भवन, लखनऊ।
3- मुख्य कोषाधिकारी, कोषागार, जवाहर भवन, लखनऊ।
4- सचिव, उ0प्र0 संगीत नाटक अकादमी लखनऊ
5- वित्त (लेखा) अनुभाग-1/वित्त (ई-7) अनुभाग ।
6- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(विनय श्रीवास्तव)
अनु सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in